http://www.mpboardonline.com

Roll No. ....................

Total No. of Questions: 28]

**15**

[Total No. of Printed Pages: 08

# 901

## कक्षा 9 वीं परीक्षा, 2018

# HINDI SPECIAL

## हिन्दी विशिष्ट

Time: 03 Hours] [Maximum Marks: 100

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

*निर्देश :–*

(i) *आरम्भ में दिए गए वस्तुनिष्ठ प्रश्न सर्वप्रथम हल करें।*

(ii) *प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक (1X5X5=25) निर्धारित हैं।*

(iii) *प्रश्न क्रमांक 6 से 16 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 2–2 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 30 शब्द है।*

(iv) *प्रश्न क्रमांक 17 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 3–3 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 75 शब्द है।*

(v) *प्रश्न क्रमांक 20 से 25 के लिए 4–4 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 120 शब्द।*

(vi) *प्रश्न क्रमांक 26 से 27 के लिए 5–5 अंक निर्धारित है।*

(vii) *प्रश्न क्रमांक 28 के लिए (7+3) 10 अंक निर्धारित है।*



http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

प्र.1 उचित शब्द का चयन कर रिक्त स्थानो की पूर्ति कीजिए – (1X5=5)

(1) मै बचपन को बुला रही थी बोल उठी ............................ । (कुटिया मेरी / बिटिया मेरी)

(2) मनोहर के पिताजी का नाम ............................ था। (कृष्णदास / रामजीदास)

(3) हमारी पृथ्वी को सूर्य की परिक्रमा करने मे ............................ दिन लगते है। (364 / 365)

(4) काव्य के ............................ भेद हैं। (दो / चार)

(5) रेलगाडी ............................ शब्द है। (यौगिक / योगरूढ)

प्र.2 सत्य / असत्य का चयन कीजिए – (1X5=5)

(1) खीरे की तुलना कवि ने दुष्ट व्यक्ति से की है।

(2) गीता के अनुसार मनुष्य कर्म का निमित्त मात्र है।

(3) जीवक आयुर्वेद चिकित्साशास्त्र के विद्वांन थे।

(4) छंद तीन प्रकार के होते हैं।

(5) शब्द के आगे जुडने वाले शब्दांश उपसर्ग कहलाते है।

प्र.3 सही विकल्प चुनकर लिखिए– (1X5=5)

(1) कोमल प्रकृति का सुकुमार कवि कहा गया है –

(क) मैथिलिशरण गुप्त (ख) मीरावाई

(ग) सुमित्रानंदन पंत (घ) बालकृष्ण शर्मा नवीन

(2) गुरूदेव रवीन्द्र नाथ टैगोर रहते थे –

(क) शांति निकेतन में, (ख) तक्षशिला में,

(ग) साबरमती मे, (घ) सेवाग्रम मे,



http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

(3) "सोन नदी" किस प्रदेश में बहती है –

(क) मध्यप्रदेश √(ख) बिहार

(ग) गुजरात (घ) राजस्थान

(4) "जिसका कोई पार न हो" का एकार्थी शब्द है –

(क) आर–पार (ख) व्यापार

√(ग) अपरपार (घ) अपार

(5) काव्य की शोभा बढ़ाने वाले तत्व कहलाते है –

(क) रस (ख) छंद

√(ग) अलंकार (घ) काव्य गुण

प्र.4 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए – (1×5=5)

(1) कवि ने धरती मे क्या बोया था? पैसे

(2) अमेरिका की खोज किसने की थी? कोलम्बस

(3) विक्रम साराभाई कौन थे? अन्तरिक्ष यात्री

(4) "चार दिन की चाँदनी फिर अंधेरी रात" लोकोक्ति का अर्थ लिखिए?

(5) रसयुक्त वाक्य को क्या नाम दिया गया है?

प्र.5 सही जोडी बनाइए – (1×5=5)

| "अ" | "ब" |
|---|---|
| (1) सुदामा के बाल सखा | (अ) अवनति (4) |
| (2) दीपदान एकांकी में बलिदान होता है | (ब) रामवृक्ष बेनीपुरी (3) |
| (3) उड़ता चल कबूतर | (स) महाकाव्य (5) |
| (4) उन्नति | (द) चंदन का (2) |
| (5) कामायनी | (इ) श्रीकृष्ण (1) |



http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

प्र.6 रैदास ने प्रभु से अपना संबंध किस रूप में निरूपित किया है? (2)

**अथवा**

यशोदा माँ बालक कृष्ण को किस प्रकार सजाती संवारती है।

प्र.7 "सुजान अनीति करौ" से कवि का क्या तात्पर्य है? (2)

**अथवा**

"स्वाति एक गुण तीन" से कवि का क्या आशय है?

प्र.8 चन्द्रमा की किरणें कहाँ–कहाँ फैली हुई है? (2)

**अथवा**

स्वतन्त्रता को "निशीथ का दीया" क्यों कहा गया है?

प्र.9 शबरी के मुँह से शब्द क्यो नही निकल पा रहे थे? (2)

**अथवा**

"सीता देहु राम कहुँ अहित न होय तुम्हार" से कवि का क्या आशय है?

प्र.10 जीवन मार्ग में काँटे और कलियाँ क्या है? (2)

**अथवा**

भवानी प्रसाद मिश्र को घर की याद क्यों आ रही है?

प्र.11 जिन्दगी में लगाने वाली पूँजी कौन – सी है। (2)

**अथवा**

नारियल का फल कैसा होता है?

प्र.12 सर्वव्यापक पक्षी किसे कहा गया है? (2)

**अथवा**

कर्ता को किस प्रकार का कार्य करना चाहिए।



http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

प्र.13 पन्ना कौन थी?

**अथवा**

श्रीकण्ठ का चेहरा कान्तिहीन क्यों था?

प्र.14 जीवक ने कौन–सा संकल्प लिया था?

**अथवा**

"विश्वमन्दिर" पाठ का उद्देश्य क्या है।

प्र.15 निम्नलिखित के तत्सम शब्द लिखिए–

(i) काज, (ii) रात

**अथवा**

निम्नलिखित शब्दों की वर्तनी सही कीजिए–

(i) परिक्षा, (ii) नराज

प्र.16 करूण रस को सोदाहरण परिभाषित कीजिए।

**अथवा**

उत्प्रेक्षा अलंकार को सोदाहरण परिभाषित कीजिए।

प्र.17 अपनी माँ को विश्वास दिलाते हुए सिपाही क्या कहता है?

**अथवा**

हमें निराश क्यों नहीं होना चाहिए।

प्र.18 निम्नलिखित शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए –

(i) हवा

(ii) सोना

(iii) पुष्प

http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com



http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

**अथवा**

निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए –

(i) मान

(ii) सजीव

(iii) देश

प्र.19 महाकाव्य किसे कहते है? किन्ही दो महाकाव्यों के नाम लिखिए। (3)

**अथवा**

छन्द के भेद बताइए और उनका परिचय लिखिए।

प्र.20 वीरगाथा काल की प्रमुख चार विशेषताएँ लिखिए। (4)

**अथवा**

भक्तिकाल के चार कवियों के नाम लिखिए तथा उनकी एक – एक रचना का नाम बताइए।

प्र.21 रिपोर्ताज से आप क्या समझते है। (4)

**अथवा**

कहानी किसे कहते है? प्रसिद्ध कहानीकारों के नाम लिखिए।

प्र.22 निम्नलिखित पद्यांश की व्याख्या सन्दर्भ प्रसंग एवं विशेष सहित लिखिए। (4)

रहिमन धागा प्रेम का, मत तोड़ो चटकाय।

टूटे से फिर न मिले, मिले गाँठ पड़ जाय।।

**अथवा**

हैं बिखेर देती वसुंधरा,

मोती सबके सोने पर।

रवि बटोर लेता है उनको,

सदा सवेरा होने पर।।



http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

प्र.23 निम्नलिखित गद्यांश की व्याख्या संदर्भ, प्रसंग एवं विशेष सहित लिखिए – (4)

साहसी मनुष्य उन सपनों में भी रस लेता है जिन सपनों का कोई व्यावहारिक अर्थ नहीं है। साहसी मनुष्य सपने उधार नहीं लेता, वह अपने विचारों में रमा हुआ अपनी ही किताब पढ़ता है। झुण्ड में चलना और झुण्ड में चरना, यह भैंस या भेड़ का काम है। सिंह तो बिल्कुल अकेला होने पर भी मगन रहता है।

अथवा मानव जाति दो भागों में बँटी है, वे जो उधार देते हैं और वे जो उधार लेते हैं। मनुष्य और मनुष्य के बीच सारी बड़ी–छोटी खाइयाँ उधार के छोटे–मोटे पुलों से बँधी हैं। जब ये पुल टूट जाएँगे, आदमी अकेला हो जाएगा। http://www.mpboardonline.com

प्र.24 कवि रहीम अथवा मैथिलीशरण गुप्त का काव्यगत परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए – (4)

(i) दो रचनाएँ

(ii) भावपक्ष – कलापक्ष

(iii) साहित्य में स्थान

प्र.25 हजारी प्रसाद द्विवेदी अथवा शरद जोशी का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए– (4)

(i) दो रचनाएँ

(ii) भाषा – शैली

(iii) साहित्य में स्थान

प्र.26 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिये गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (5)

जब धर्म और जाति के आधार पर राष्ट्र से अलग होने के प्रयास होते हैं, तभी राष्ट्रीय एकता के लिए खतरा बढ़ जाता है। प्रत्येक स्वतन्त्र राष्ट्र के लिए राष्ट्रीय एकता की भावना आवश्यक होती



http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

है। इसके लिये राष्ट्रवासियों में स्नेह, सहिष्णुता, सहयोग तथा उदारता की भावना होनी चाहिए। राष्ट्रीय एकता के आदर्श को व्यवहार में लाना ही राष्ट्र के प्रति हमारा कर्त्तव्य है।

**प्रश्न –**

(1) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(2) राष्ट्र के लिए हमारा क्या कर्त्तव्य है?

(3) राष्ट्रवासियों में किस प्रकार की भावना होनी चाहिए?

(4) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

**प्र.27** अपने विद्यालय के प्राचार्य को शुल्क मुक्ति के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए। **(5)**

**अथवा**

अपने मित्र को बड़े भाई के विवाह में सम्मिलित होने के लिए आमन्त्रण – पत्र लिखिए।

**प्र.28** (अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 200 – 250 शब्दों में सारगर्भित निबंध लिखिए – **(7)**

(i) पर्यावरण और प्रदूषण

(ii) जीवन में खेलों का महत्व

(iii) विद्यार्थी जीवन

(iv) विज्ञान के बढ़ते चरण

(ब) निम्नलिखित में से किसी एक विषय की रूपरेखा लिखिए – **(3)**

(i) राष्ट्रीय पर्व

(ii) कम्प्यूटर की उपयोगिता

(iii) वृक्षारोपण

(iv) यात्रा का वर्णन

..........................................................



http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com